# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 19.8.26 | 5 | 7-8 |

## समाज के प्रति अपना दायित्व निभाएं विद्यार्थी : बलदेव काम्बोज



कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ करते हुए मुख्यातिथि • जागरण

**जासं • हिसार** : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में मंगलवार को 'हर घर तिरंगा अभियान' कार्यक्रम का समापन हुआ। छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में आयोजित समारोह में कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। कुलपति ने कहा कि घर की छत पर लहराता तिरंगा केवल ध्वज नहीं, बल्कि देश के प्रति गौरव और समर्पण का प्रतीक है। तिरंगे का केसरिया रंग त्याग और साहस, सफेद सत्य व शांति तथा हरा रंग विकास और समृद्धि का संदेश देता है। अशोक चक्र निरंतर कर्म करते हुए राष्ट्र को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान ने करोड़ों नागरिकों को एक सूत्र में जोड़ने का काम किया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 15.9.26 | 3 | 5-6 |

# समाज के प्रति अपना दायित्व निभाएं विद्यार्थी : बलदेव राज

## एचएयू में हर घर तिरंगा अभियान का समापन




एचएयू में समारोह को संबोधित करते कुलपति प्रो.बलदेव राज। स्रोत : संस्थान

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित हर घर तिरंगा अभियान के समापन समारोह में कुलपति प्रो. बलदेव राज ने विद्यार्थियों से समाज और राष्ट्र के प्रति अपना दायित्व निभाने का आह्वान किया।

छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से मौलिक विज्ञान एवं मानविकीमहाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रो. बलदेव राज मुख्य अतिथि रहे।

कुलपति ने कहा कि किसी घर की छत पर लहराता तिरंगा केवल कपड़े का ध्वज नहीं, बल्कि देश के प्रति जुड़ाव और गौरव का प्रतीक है। तिरंगे का प्रत्येक रंग हमें प्रेरणा देता है। केसरिया त्याग और साहस, सफेद सत्य और शांति तथा हरा

### कुलपति ने विद्यार्थियों को राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का दिलाया अहसास

रंग विकास और समृद्धि का संदेश देता है। अशोक चक्र निरंतर कर्म करते रहने और राष्ट्र को आगे ले जाने की सीख देता है।

उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान ने देश के करोड़ों नागरिकों को एक सूत्र में जोड़ने का काम किया है। अभियान की वास्तविक सफलता तभी होगी, जब तिरंगा घरों से उतरने के बाद भी हमारे विचारों, व्यवहार और कर्मों में सदैव ऊंचा लहराता रहे।

कार्यक्रम में छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़, सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. प्रदीप चहल सहित महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, कर्मचारी व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 19.8.26 | ५ | 5-6 |

## समाज के प्रति अपना दायित्व निभाए विद्यार्थी: प्रो. काम्बोज

### हकृवि में हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम का हुआ समापन

हिसार, 18 अगस्त (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 'हर घर तिरंगा अभियान' कार्यक्रम का समापन हुआ। छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में आयोजित इस समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान ने देश के करोड़ों नागरिकों को एक सूत्र में जोड़ने का कार्य किया है। इस अभियान की वास्तविक सफलता तब होगी, जब तिरंगा हमारे घरों से उतरने के बाद भी हमारे विचारों, हमारे व्यवहार और हमारे कर्मों में सदैव ऊँचा लहराता रहे। 'हर घर तिरंगा अभियान' के अन्तर्गत विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान विभाजन विभीषिका पर एक लघु नाटिका का भी मंचन किया गया। छात्र कल्याण निदेशक डॉ मदन खीचड़ ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया। सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ प्रदीप चहल ने धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया। मंच का संचालन छात्र रितिक ने किया।



*कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज।*

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 19.8.26 | 11 | 5-5 |

## हर घर तिरंगा अभियान ने लोगों को एकता के सूत्र में जोड़ा : प्रो. काम्बोज



हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 'हर घर तिरंगा अभियान' का समापन समारोह देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम के माहौल में हुआ। छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में आयोजित समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि किसी घर की छत पर लहराता तिरंगा महज कपड़े का ध्वज नहीं, बल्कि देश के प्रति गौरव, समर्पण और जिम्मेदारी का प्रतीक है। तिरंगे का केसरिया रंग त्याग और साहस, सफेद सत्य एवं शांति तथा हरा रंग विकास और समृद्धि का संदेश देता है, जबकि अशोक चक्र निरंतर कर्म करते हुए राष्ट्र को आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि 'हर घर तिरंगा' अभियान ने नागरिकों को राष्ट्रप्रेम और एकता के सूत्र में जोड़ने का काम किया है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने स्वागत भाषण दिया, जबकि सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. प्रदीप चहल ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 19.8.26 | 6 | 6-8 |

# समाज के प्रति अपना दायित्व निभाएं विद्यार्थी : प्रो. बलदेव राज काम्बोज

## हकृवि में हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम का हुआ समापन

हिसार, 18 अगस्त (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 'हर घर तिरंगा अभियान' कार्यक्रम का समापन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। छात्र कल्याण निदेशालय द्वारा मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में आयोजित इस समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि जब किसी घर की छत पर तिरंगा लहराता है, तो वह केवल कपड़े का एक ध्वज नहीं होता। वह संदेश देता है कि इस घर का हृदय भारत के साथ धड़कता है। हमारे तिरंगे का प्रत्येक रंग हमें एक प्रेरणा देता है। केसरिया हमें त्याग और साहस सिखाता है, सफेद सत्य और शांति का संदेश देता है तथा हरा रंग विकास और समृद्धि की प्रेरणा देता है। अशोक चक्र हमें निरंतर कर्म करते रहने और राष्ट्र को आगे ले जाने की सीख देता है। 'हर घर तिरंगा' अभियान ने देश के करोड़ों नागरिकों को एक सूत्र में जोडने का कार्य किया है। इस अभियान की वास्तविक सफलता तब होगी, जब तिरंगा हमारे घरों से उतरने के बाद भी हमारे विचारों, हमारे व्यवहार और हमारे कर्मों में सदैव ऊंचा लहराता रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप केवल विश्वविद्यालय के विद्यार्थी नहीं हैं बल्कि भारत के भविष्य के निर्माता हैं। आपके हाथों में देश की आने वाली तस्वीर है। इसलिए आपका हर सकारात्मक कदम राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक कदम है। उन्होंने कहा कि आप अपने जीवन में तीन बातों को सदैव याद रखें-ज्ञान प्राप्त करें, चरित्र का निर्माण करें और समाज के प्रति अपना दायित्व निभाएँ। यदि हमारा युवा वर्ग शिक्षित होने के साथ-साथ संवेदनशील, अनुशासित, ईमानदार और जिम्मेदार बनेगा, तो भारत को विश्व की अग्रणी शक्ति बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि आज हम उन महान स्वतंत्रता सेनानियों और वीर सैनिकों को भी नमन करते हैं, जिनके त्याग और बलिदान के कारण आज हम स्वतंत्र भारत में अपने राष्ट्रीय ध्वज को गर्व के साथ फहरा सकते हैं।